वर्ष 12 - अंक : 84, मुंबई, गुरुवार, 28 अप्रैल, 2022 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान



दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




# जीडी जालान कॉलेज में मनाया गया CONVOCATION DAY

## शाहबाज खान सहित कॉलेज के कई छात्रों को किया गया सम्मानित









**मुंबई।** मुंबई के मलाड (पूर्व) अपर **गोविंद नगर** में स्थित जीडी जालान कॉलेज ने अपने 2019-20 और 2020-21 बैच के छात्रों को सम्मानित करने के लिए अपने राज्य कला सभागार में 23 अप्रैल, **2022** को लंबे समय से प्रतीक्षित Convocation Day **मनाया।** कॉलेज ने इस विशेष दिन में **भाग लेने के** लिए छात्रों के बीच जबरदस्त प्रतिक्रिया **और उत्साह** देखा और छात्रों की आंखों में चमक देखी जब उन्होंने **डिग्री प्राप्त की** और हाथ में डिग्री लेकर सभागार से **बाहर निकले। प्रबंध** समिति के सचिव श्री निर्मल झुनझुनवाला, कॉलेज कमेटी के संयोजक श्री बाबूलाल टोडी, जीडी जालान कॉलेज के निदेशक डॉ राजेश्वरी रवि, जीडी जालान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ द्वारा छात्रों का अभिनंदन किया गया। कॉलेज के निदेशक, डॉ राजेश्वरी रवि ने सभागार में एकत्रित छात्रों को एक प्रेरक भाषण दिया और उन्हें एक सफल करियर बनाने के लिए कुछ सुझाव दिए और साथ ही उन्हें पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन को संतुलित करने के महत्व के बारे में सलाह दी। यह वास्तव में छात्रों, उनके माता-पिता और जीडी जालान कॉलेज के पूरे परिवार के लिए बहुत गर्व का क्षण था।



दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# जूही चावला ने फिर जताई चिंता



हाल ही में बॉलीवुड एक्ट्रेस जूही चावला ने 5जी वायरलेस नेटवर्क टेक्नोलॉजी के खिलाफ अपनी आवाज उठाई थी। उन्होंने अपनी बात कहने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका में उन्होंने कहा था इससे निकलने वाली रेडिएशन का पशु पक्षी, बच्चो- बूढ़ो और एनवायरनमेंट पर क्या असर पड़ेगा इसका अध्ययन किया जाए। जूही की इस याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने फटकार लगाते हुए खारिज कर दिया था और एक्ट्रेस पर 20 लाख रूपए का जुर्माना लगाया था। इसके बाद एक्ट्रेस ने कुछ दिन पहले अपनी याचिका भी वापस ले ली। हालांकि इस पूरे मामले पर जूही अब तक खामोश रही, लेकिन अब उन्होंने चुप्पी तोड़ी है। जूही ने अपने इंस्टग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने सबूत के साथ बताया है कि उन्होंने 5जी वायरलेस नेटवर्क टेक्नोलॉजी के खिलाफ क्यों याचिका दायर की थी। एक्ट्रेस ने ये भी कहा कि हमें सिर्फ सरकार की तरफ से एक सर्टिफिकेट चाहिए था कि वो ये बता दें कि इस टेक्नोलॉजी से लोगों को, बच्चों को, बूढ़ों को, पक्षियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा।

# आलिया, कैटरीना और प्रियंका को लेकर फरहान बनाएंगे 'जी ले जरा'

'दिल चाहता है' और 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' के बाद अगली रोड ट्रिप फिल्म एक्सेल एंटरटेनमेंट पेश करने जा रहा है। इस बार लड़कों की बजाय लड़कियां इसमें नजर आएंगी। टाइगर बेबी के साथ कॉलेब्रेट किए गए इस प्रोजेक्ट का नाम 'जी ले जरा' है जिसमें प्रियंका चोपड़ा





जोनास, कैटरीना कैफ और आलिया भट्ट मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इसी के साथ, निर्माता ने एक धमाके के साथ वापसी कर ली है और यह निश्चित रूप से 2021 की सबसे बड़ी घोषणा है, जिसे जोया अख्तर, फरहान अख्तर और रीमा कागती ने लिखा है। रीमा कागती, जोया अख्तर, रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर द्वारा निर्मित है। जो बात इसे और भी खास बनाती है वह यह है कि यह फिल्म फरहान अख्तर द्वारा निर्देशित होगी और 2023 में रिलीज होगी। इसलिए, अपनी सीट बेल्ट बांध लें, क्योंकि इस बार लड़कियों की बारी है! एक्सेल एंटरटेनमेंट की स्थापना 1999 में रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर ने की थी। दो दशक बाद 'जी ले जरा' की यह घोषणा, टाइगर बेबी के सहयोग से एक्सेल एंटरटेनमेंट के लिए इस माइलस्टोन का जश्न मनाने का एक सबसे रोमांचक तरीका है, क्योंकि एक और रोड ट्रिप की लोकप्रिय मांग, दर्शकों के लिए वास्तविकता में बदल जाती है।

# अब 'हीरामंडी' लेकर आ रहे हैं संजय लीला भंसाली



**बॉलिवुड** के मशहूर डायरेक्टर **संजय** लीला भंसाली अपनी शानदार स्टोरी और **भव्य** सेट के लिए जाने जाते हैं। संजय लीला भंसाली की फिल्म जहन में आते ही दिमाग में किले, **भव्य इमारत** आने लगते हैं। **अब संजय** लीला भंसाली नेटफ्लिक्स के लिए 'हीरामंडी' नाम की वेब सीरीज बनाने जा रहे हैं। 'हीरामंडी' पर बात करते हुए संजय लीला भंसाली ने कहा, **एक फिल्म प्रोड्यूसर के रूप में 'हीरामंडी' एक शानदार यात्रा है। यह एक शानदार मील का पत्थर है। यह** एक महाकाव्य **है, जो लाहौर** की वेश्याओं पर आधारित अपनी तरह की पहली सीरीज होगी। संजय आगे कहते हैं मैं इसे बनाने के लिए नर्वस भी हूं और एक्साइटेड भी हूं। मैं नेटफ्लिक्स के साथ अपनी साझेदारी और 'हीरामंडी' को दुनिया भर के दर्शकों के सामने लाने के लिए काफी एक्साइटेड हूं।

A.B.V.M. AGRAWAL JATIYA KOSH'S
Estd. : 2011
G.D. JALAN COLLEGE OF SCIENCE & COMMERCE
A sister concern of S. J. PODDAR ACADEMY (ICSE)
Admissions Open for Academic Year 2021-2022
F.Y.J.C. / S.Y.J.C. (Science & Commerce)
B.M.S. / B.A.F. / B.Sc. (I.T.)
B.Com. / B.Sc. (CBZ)
COLLEGE CODE : 527
Upper Govind Nagar, Malad (East), Mumbai – 400097.
Phone No.: 022- 40476030
www.gdjalan.edu.in



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# महिला केन्द्रित फिल्में अधिक बननी चाहिए : हुमा कुरैशी



अदाकारा हुमा कुरैशी का कहना है कि बाजार महिला केन्द्रित फिल्मों के लिए तैयार है लेकिन ऐसी फिल्मों की कमी है जिसमें महिला को मुख्य किरदार के तौर पर पेश किया गया हो। वेब सीरीज 'लैला' और 'महारानी' में मुख्य भूमिका निभाने वाली हुमा कुरैशी अपनी आने वाली फिल्म 'बेल बॉटम' में एक 'अंडरकवर एजेंट' की भूमिका में नजर आएंगी। कुरैशी ने साक्षात्कार में कहा, 'महिला केन्द्रित फिल्मों की संख्या कम है। ऐसी फिल्में बनाई जा रही हैं, लेकिन मुझे लगता है कि ऐसी और फिल्में बननी चाहिए। ऐसी फिल्मों की जरूरत है और बाजार भी ऐसी कहानियों के लिए तैयार है।' कुरैशी ने यह भी बताया कि कोविड-19 के दौरान खाली समय में उन्होंने लिखना भी शुरू किया है। उन्होंने कहा, एक अभिनेता के तौर पर, हमें दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है जो हमारे लिए कहानियां लिखते हैं। आखिर मैं अपने लिए खुद क्यों नहीं लिख सकती हूं? मुझे तो ऐसा करने में मजा आ रहा है।



# अभिनेत्री के बाद अब प्रोड्यूसर बनीं करीना कपूर

बॉलीवुड इंडस्ट्री की मशहूर अदाकारा करीना कपूर खान एक्टिंग करने के अलावा अब फिल्मी परदे के पीछे जाने का फैसला किया है। जी हां, अनुष्का शर्मा, प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण की तरह करीना कपूर ने भी अपनी दिलचस्पी बतौर प्रोड्यूसर बनने की इच्छा जाहिर की है। करीना अब निमार्ता बनने जा रही है और इस खबर पर खुद करीना कपूर कहा ने मोहर लगाई है। एक्ट्रेस करीना कपूर खान पहली बार एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स के सहयोग से निमार्ता बनने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस अनटाइटल्ड फिल्म का निर्देशन हंसल मेहता करेंगे। पहली बार निर्माता बनने के लिए उत्साहित, करीना कपूर खान ने कहा, एकता के साथ इस फिल्म में एक निमार्ता के रूप में काम करने के लिए बहुत सम्मानित और उत्साहित हूं। मैं हंसल की फिल्मों का बहुत बड़ी प्रशंसक हूं और उनके साथ पहली बार काम करना खास होगा। इस फिल्म में बहुत कुछ है और मैं इस यात्रा को शुरू करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। यह सहयोग एकता कपूर और करीना कपूर खान के एक साथ आने का प्रतीक है। थ्रिलर फिल्म वास्तविक जीवन की घटना से प्रेरित है। कहानी यूके में सेट है और जल्द ही फ्लोर पर जाने वाली है। फिल्म निमार्ता हंसल मेहता ने कहा, इस फिल्म के साथ हमारा उद्देश्य करीना के साथ एक ताजा, मनोरंजक और मूडी थ्रिलर बनाना है, जिसकी मुझे उम्मीद है कि वह एक एक्टर के रूप में अपनी अपार प्रतिभा के साथ न्याय करेगी। मैं इस यात्रा पर जाने के लिए उत्सुक हूं। एकता और करीना, दोनों ने अपने-अपने करियर में बहुत कुछ हासिल किया है।

ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S
GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. : 2011

A.B.V.M. AGRAWAL JATIYA KOSH'S
G.D. JALAN COLLEGE OF SCIENCE & COMMERCE
A sister concern of S. J. PODDAR ACADEMY (ICSE)

Admissions Open for Academic Year 2021-2022

F.Y.J.C. / S.Y.J.C. (Science & Commerce)
B.M.S. / B.A.F. / B.Sc. (I.T.)
B.Com. / B.Sc. (CBZ)
COLLEGE CODE : 527

Upper Govind Nagar, Malad (East), Mumbai – 400097.
Phone No.: 022- 40476030 www.gdjalan.edu.in



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# साउथ के सुपरस्टार सुदीप के साथ धमाल मचाएंगी जैकलीन



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस फैंस के दिलों पर राज करती हैं। जैकलीन फर्नांडिस के फैंस उनकी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार करते हैं। ऐसे में हाल ही में इस बात की घोषणा की गई थी कि जैकलीन फर्नांडिस अब बादशाह किच्चा सुदीप की आगामी फिल्म विक्रांत रोणा का हिस्सा बनी हैं, और अब फिल्म के मेकर्स ने जैकलीन के पहले लुक को पेश कर दिया है। बता दें की इस फिल्म में जैकलीन एक दिलचस्प भूमिका में नजर आएंगी। पूरे मुंबई में इसके होर्डिंग को प्रदर्शित किया गया है। इस होर्डिंग के द्वारा 3-डी पैन इंडिया फिल्म में जैकलीन के किरदार रकील डी'कोस्टा उर्फ गडंग रक्कम्मा और उनके लुक का अनावारण किया। निर्माता जैक मंजूनाथ कहते हैं, जैकलीन की एंट्री के साथ दुनिया के नए हीरो की कहानी और भी रोमांचक हो जाती है। फिल्म में जैकलीन ने कमाल की छाप छोड़ी है और उसकी एक झलक साझा करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। हम एक ऐसा सिनेमा बना रहे हैं जिसे पीढ़ी दर पीढ़ी याद रखेगी। फिल्म के प्रति लोगों की उत्सुकता देखकर हमें बेहद खुशी हो रही है।




# शाहरुख की 'पठान' में हुई आशुतोष राणा की एंट्री

**बॉलीवुड** सुपरस्टार शाहरुख खान इन दिनों फिल्म 'पठान' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। शाहरुख ने अपनी इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म में बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण भी नजर आएंगी। इसके अलावा जॉन अब्राहम और डिंपल कपाडिया भी अहम रोल में दिखेंगे। वही अब फिल्म में एक और एक्टर की एंट्री हो गई है। खबरों के अनुसार इस फिल्म में आशुतोष राणा भी नजर आएंगे। आशुतोष राणा पठान में भी एक बार फिर अपने वॉर रोल में नजर आएंगे। वह इस फिल्म में रॉ के संयुक्त सचिव का किरदार निभाते दिखेंगे। खबरों के अनुसार आदित्य चोपड़ा और सिद्धार्थ आनंद को आशुतोष को इस फिल्म में लेने का ख्याल उनकी फिल्म वॉर से आया। बताया जा रहा है कि आशुतोष राणा ने शाहरुख खान और डिंपल कपाडिया के साथ मुंबई के यशराज स्टूडियो में कुछ सीन्स की शूटिंग शुरू भी कर दी है। इस फिल्म में जॉन अब्राहम एक विलेन के किरदार में नजर आने वाले हैं। यह पहली बार है जब जॉन और शाहरुख खान किसी फिल्म में साथ काम करते हुए नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म में सलमान खान भी कैमियो करते नजर आएंगे।



A.B.V.M. AGRAWAL JATIYA KOSH'S
Estd. : 2011
G.D. JALAN COLLEGE OF SCIENCE & COMMERCE
A sister concern of S. J. PODDAR ACADEMY (ICSE)
Admissions Open for Academic Year 2021-2022
F.Y.J.C. / S.Y.J.C. (Science & Commerce)
B.M.S. / B.A.F. / B.Sc. (I.T.)
B.Com. / B.Sc. (CBZ)
COLLEGE CODE : 527
Upper Govind Nagar, Malad (East), Mumbai – 400097.
Phone No.: 022- 40476030 www.gdjalan.edu.in



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# कुछ नया करने जा रहीं मलाइका अरोरा



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस मलाइका अरोरा ने फिल्म इंडस्ट्री में अपनी एक अलग पहचान बनाई हैं। मलाइका 2 दशक से ज्यादा समय से फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय हैं। मलाइका कई टीवी शोज को जज करती भी नजर आती हैं। इसके अलावा वह सोशल मीडिया पर फैंस को योग और फिटनेस की टिप्स भी देती रहती हैं। वहीं अब मलाइका कुछ बड़ा करने वाली हैं। वह एंटरप्रेन्योर के तौर पर अपनी जर्नी शुरू करने वाली हैं। मलाइका अपने साथियों के साथ मिलकर नया कंटेंट प्रोड्यूस करने वाली हैं, जिसकी तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही है। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान दी है। खबरों के अनुसार मलाइका ने दो साल पहले कन्टेंट को को-प्रोड्यूस करने की योजना बनानी शुरू की थी। वे एक निमार्ता के तौर पर सलमान खान की फिल्म 'दबंग' से भी जुड़ी थीं। उन्होंने **कहा**, आखिरकार यह आगे बढ़ रहा है और मैं कुछ शो को को-प्रोड्यूस करने जा रही हूं। मलाइका ने कहा, आशा करती हूं कि ये सब आसानी से हो जाए। बहुत सारा काम पहले से ही पाइपलाइन में है। बीते दो सालों में प्लान ने आकार लेना शुरू किया है और मैं अपना शुरूआती कुछ काम अगले स्तर पर ले जाने की उम्मीद कर रही हूं। इसके मैंने कुछ शानदार लोगों के साथ मिलकर काम किया है।

# श्रद्धा निभाएंगी डबल रोल



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत चुकी हैं। श्रद्धा कपूर जल्द ही रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'चालबाज इन लंदन' में नजर आएंगी। इस फिल्म को पंकज पराशर डायरेक्ट करेंगे जिन्होंने श्रीदेवी की क्लासिक फिल्म चालबाज बनाई थी। ये फिल्म भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी सीरीज और डायरेक्टर अहमद खान और शकीर खान के पेपल डॉल एंटरटेनमेंट के बैनर के तले बन रही है। इस फिल्म में श्रद्धा कपूर डबल रोल में नजर आने वाली हैं। खबरों के अनुसार हाल ही में एक इंटरव्यू में पंकज पराशर ने श्रीदेवी की चालबाज और श्रद्धा कपूर के साथ बन रही चालबाज के बीच अंतर बताया है। पंकज ने यह भी खुलासा किया कि कैसे ओरिजिनल फिल्म की सफलता के बाद इसके आगामी सीक्वल के लिए भी काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। पंकज पराशर ने बताया कि मैंने चालबाज श्रीदेवी के साथ बनाई थी। हम चाहते थे वो अपने वक्त से आगे की फिल्म बने। उसी सोच के साथ मैं चालबाज इन लंदन को भी बनाने की तैयारी में हूं। यह भी एकदम नई फिल्म होगी, जो नई दुनिया के साथ और उसके अनुसार होगी। हालांकि ये पुरानी चालबाज से बिल्कुल अलग होगी और कहानी भी आज के दौर के अनुसार सेट की गई है।

# सलमान खान की फिल्म को निर्देशित करने से राजामौली ने कर दिया था इंकार!



**बॉलीवुड** सुपरस्टार **सलमान** खान **की फिल्म** 'बजरंगी भाईजान' को हाल ही में 6 साल पूरे हुए है। इस फिल्म में सलमान खान के साथ करीना कपूर, हर्षाली मल्होत्रा और नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। इस फिल्म में एसएस राजामौली के पिता केवी विजेंयद्र प्रसाद ने लिखा था। इस फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया था। लेकिन क्या आप जानते हैं इस फिल्म का निर्देशन पहले एसएस राजामौली करने वाले थे। खबरों के अनुसार केवी विजयेंद्र प्रसाद चाहते **थे** कि इस फिल्म का निर्देशन एसएस राजामौली करें लेकिन वह उस वक्त बाहुबली की शूटिंग कर रहे थे। जिस वजह से एसएस राजामौली ने इस फिल्म का निर्देशन करने से मना कर दिया था। जिसके बाद विजयेंद्र प्रसाद ने इस फिल्म के निर्देशन के लिए कबीर खान से बात की।

A.B.V.M. AGRAWAL JATIYA KOSH'S
Estd. : 2011
G.D. JALAN COLLEGE OF SCIENCE & COMMERCE
A sister concern of S. J. PODDAR ACADEMY (ICSE)
Admissions Open for Academic Year 2021-2022
F.Y.J.C. / S.Y.J.C. (Science & Commerce)
B.M.S. / B.A.F. / B.Sc. (I.T.)
B.Com. / B.Sc. (CBZ)
COLLEGE CODE : 527
Upper Govind Nagar, Malad (East), Mumbai – 400097.
Phone No.: 022- 40476030
www.gdjalan.edu.in



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# सोनम कपूर के घर आया नया मेहमान



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सोनम कपूर हाल ही मे भारत लौटी है। भारत लौटते ही सोनम कपूर की प्रेग्नेसी की खबरे सामने आने लगी। हालाकि बाद मे सोनम कपूर ने इस खबरो को खारिज कर दिया था। वही अब सोनम कपूर ने अपने घर मे एक नए मेहमान का स्वागत किया है। दरअसल, सोनम कपूर ने अपने इंस्टाग्राम आकउंट पर अपनी कई तस्वीर शेयर की है। इन तस्वीरों मे वह एक छोटे से क्यूट डॉग के साथ नजर आ रही है। वह डॉग के साथ काफी खुश दिखाई दे रही है। डॉग के साथ अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए सोनम कपूर ने लिखा, 'मै आप सभी के सामने पेश करती हू कपूर परिवार के सभी नए सदस्य को- रसेल क्रो कपूर को। यहा देखिए उसके साथ मेरे खुशी के पलो की एक झलक।' सोनम कपूर की इन तस्वीरो को फैंस काफी पसंद कर रहे है। तस्वीरो पर कमेंट कर फैंस सोनम को नए डॉगी की बधाई दे रहे है। बता दे कि शादी के बाद सोनम कपूर अपने पति आनंद आहूजा संग लंदन मे रहने लगी है। वह **अक्सर अपनी फैमिली से मिलने भारत आती रहती है।**




# हाई ऑक्टेन एक्शन सीन करती नजर आएंगी दीपिका पादुकोण!



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जल्द ही शाहरुख खान के संग फिल्म 'पठान' में नजर आने वाली हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में वह हाई ऑक्टेन एक्शन सीन करती नजर आएंगी। यह पहली बार है जब दीपिका पादुकोण भारतीय स्क्रीन पर इस लेवल का एक्शन सीन कर रही हैं, जिसकी कुछ झलक उनकी हॉलीवुड डेब्यू फिल्म 'xXx : रिटर्न ऑफ जेंडर केज' में देखी थी। दीपिका पहली बार भारतीय सिनेमा में अपना एक्शन अवतार ला रही हैं। एक पूर्व एथलीट होने के नाते, उनका बॉडी फ्रेम एक्शन करने के लिए बहुत उपयुक्त है इसलिए उन्हें पठान में इस अवतार में देखना निश्चित रूप से काफी दिलचस्प होने वाला है। दीपिका ने हॉलीवुड आउटिंग 'xXx: रिटर्न ऑफ जेंडर केज' में अपने पावर पैक्ड एंट्री सीन से अपने प्रशंसकों को स्तब्ध कर दिया था। फुल स्प्लिट्स से लेकर हथियारों से खेलना और गुंडों के साथ लड़ाई तक, उन्होंने प्रशंसकों को हैरान कर दिया था और अब वह भारतीय सिनेमा में उस रूप को पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेत्री के एक करीबी सूत्र ने साझा किया, दीपिका फिलहाल पठान के लिए हाई ऑक्टेन एक्शन दृश्यों की शूटिंग कर रही हैं। वे उन्हें मुंबई में ही शूट कर रहे हैं और दीपिका ने इसके लिए इंटेंस तैयारी की है।

# राजामौली के लिए महेश बाबू ने छोड़ी रामायण!



**बॉलीवुड** में **इस** दिनो कई एपिक विषयो पर फिल्मे बन रही है। निर्देशक नितेश तिवारी भी रामायण पर 3डी फिल्म बनाने वाले है। बताया **जा रहा है** इस फिल्म मे रितिक **रोशन** और दीपिका पादुकोण साथ **नजर आएगे**। इस फिल्म का बजट **लगभग 600 करोड रुपए है। खबरों** के अनुसार **इस फिल्म मे** रितिक रोशन रावण **और दीपिका** पादुकोण सीता के किरदार मे नजर आएगी। वही अब फिल्म को लेकर एक और बड़ी खबर सामने आई है। खबरो के अनुसार यह फिल्म साउथ सुपरस्टार महेश बाबू को भी ऑफर हुई थी। लेकिन उन्होंने इसे करने से मना कर दिया। बताया जा रहा है कि महेश बाबू को फिल्म में राम का किरदार ऑफर हुआ था। लेकिन उन्होंने बाहुबली के निर्देशक एसएस राजामौली की एक अपकमिंग फिल्म के लिए नितेश तिवारी की इस फिल्म को छोड़ दिया। यह फिल्म उन्होंने रामायण से पहले ही साइन कर ली थी। राजामौली अपनी अपकमिंग फिल्म आरआआर रिलीज होने के बाद महेश बाबू के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। उन्ही तारीखो मे रामायण को शूट करने की प्लानिंग चल रही है। महेश बाबू पहले से ही राजामौली को अपनी डेट्स दे चुके है, यही वजह है कि उन्होंने रामायण को छोड़ने का मन बनाया है।

A.B.V.M. AGRAWAL JATIYA KOSH'S
ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S · GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. : 2011
G.D. JALAN COLLEGE OF SCIENCE & COMMERCE
A sister concern of S. J. PODDAR ACADEMY (ICSE)
Admissions Open for Academic Year 2021-2022
F.Y.J.C. / S.Y.J.C. (Science & Commerce)
B.M.S. / B.A.F. / B.Sc. (I.T.)
B.Com. / B.Sc. (CBZ)
COLLEGE CODE : 527
Upper Govind Nagar, Malad (East), Mumbai – 400097.
Phone No.: 022- 40476030
www.gdjalan.edu.in



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अपने करियर को लेकर श्वेता तिवारी बोलीं– किसी बात का पछतावा नहीं




**टीवी** एक्ट्रेस श्वेता तिवारी अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी सुर्खियों में बनी रहती हैं। वह 2 दशकों से भी अधिक समय से एक्टिंग की दुनिया का हिस्सा हैं। वह इन दिनों रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 11' में नजर आ रही हैं। श्वेता तिवारी के करियर को जिस तरह से आकार मिला है, अभिनेत्री इससे खुश हैं और उन्हें किसी बात का पछतावा नहीं है। श्वेता तिवारी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, मैं अपने करियर विकास से बहुत खुश हूं, यहां तक कि मैंने अपने करियर में जो गलतियां की हैं, मैंने उनसे कुछ सीखा है। मुझे अपने करियर में किसी बात का पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा कुछ अलग करने की कोशिश की है। मैंने कभी खुद को नीरस नहीं बनाया। बार-बार एक ही तरह की भूमिकाएं नहीं कीं। जब तक मैं काम कर रही हूं तब तक मैं अलग-अलग काम करने जा रही हूं। मेरे लिए पैसा मानदंड नहीं था, बल्कि काम मानदंड था। जब मैं पीछे मुड़कर देखती हूं तो मैं बहुत खुश होती हूं और आगे देखना चाहती हूं। बता दें कि श्वेता तिवारी ने अभिनय करियर की शुरूआत शो दुश्मन से की थी। लेकिन उन्हें घर-घर पहचान दिलाई बालाजी टेलीफिल्म्स के शो कसौटी जिन्दगी की। इस शो में श्वेता तिवारी ने प्रेरणा का किरदार निभाया था।

# ऑनलाइन लीक हुई कृति सेनन की 'मिमी'



**बॉलिवुड** ऐक्ट्रेस कृति सेनन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'मिमी' रिलीज से पहले ही लीक हो गई। इसके बाद मेकर्स ने फिल्म को डेट से 4 दिन पहले ही रिलीज कर दिया है। कृति सेनन की फिल्म 'मिमी' को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 26 जुलाई को ही रिलीज कर दिया गया है। पहले ये फिल्म को 30 जुलाई को रिलीज होना था। कृति सेनन के जन्मदिन से एक पहले फिल्म 'मिमी' के रिलीज हो गई है। वहीं, उनके फैंस फिल्म के 4 दिन पहले रिलीज होने से काफी खुश हैं। इस तरह से मेकर्स ने फिल्म 'मिमी' को रिलीज कर फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। कृति सेनन ने सोमवार इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह अपनी फिल्म की टीम के साथ नजर आ रही हैं और अपनी फिल्म 'मिमी' के रिलीज के बारे में बात की। वहीं, पंकज त्रिपाठी ने भी इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो शेयर कर फिल्म के रिलीज के होने की जानकारी दी है।

# एमी जैक्सन ने मंगेतर जॉर्ज से तोड़ा रिश्ता?



**बॉलिवुड** की खूबसूरत ऐक्ट्रेसस में शुमार ऐक्ट्रेस एमी जैक्सन और उनके मंगेतर जॉर्ज पानायिटू का ब्रेकअप हो गया है? इस बात की पुष्टि हम नहीं कर रहे हैं बल्कि एमी के इंस्टाग्राम अकाउंट इस ओर इशारा कर रहे हैं। दरअसल, एमी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से जॉर्ज के साथ अपनी सारी तस्वीरें डिलीट कर दी हैं। जिसके बाद से ही मीडिया में एमी और जॉर्ज के ब्रेकअप की खबरें चर्चा का विषय बनी हुई है। एमी और जॉर्ज इन खबरों पर अब तक किसी भी तरह का ऑफिशियल बयान नहीं दिया है। एमी अपने मंगेतर जॉर्ज पानायिटू के साथ साल 2015 से रिलेशनशिप में थी। 2019 के जनवरी में जॉर्ज ने एमी को जाम्बिया में प्रपोज किया था। तीन महीने बाद एमी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के जरिए यह घोषणा की कि वह जॉर्ज के बच्चे की मां बनने वाली है। एमी ने फिर साल 2019 के मई महीने में जॉर्ज के साथ अपनी मंगनी की तस्वीर शेयर करते हुए अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया।

A.B.V.M. AGRAWAL JATIYA KOSH'S
Estd. : 2011
G.D. JALAN COLLEGE OF SCIENCE & COMMERCE
A sister concern of S. J. PODDAR ACADEMY (ICSE)
Admissions Open for Academic Year 2021-2022
F.Y.J.C. / S.Y.J.C. (Science & Commerce)
B.M.S. / B.A.F. / B.Sc. (I.T.)
B.Com. / B.Sc. (CBZ)
COLLEGE CODE : 527
Upper Govind Nagar, Malad (East), Mumbai – 400097.
Phone No.: 022- 40476030 www.gdjalan.edu.in



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# ...सेलिना जेटली ने जारी किया स्टेटमेंट

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस सेलिना जेटली को भी राज कुंद्रा की एप के प्रोजेक्ट के लिए अप्रोच किया गया था। इस पर अब सेलिना का स्टेटमेंट सामने आया है। खबरों के अनुसार सेलिना के स्पोक्सपर्सन ने एक वेबसाइड को बताया कि एक्ट्रेस को राज कुंद्रा नही बल्कि शिल्पा शेट्टी की एप के लिए अप्रोच किया गया था। मगर उन्होंने वो भी ज्वाइन नही किया था। स्पोक्सपर्सन ने कहा, सेलिना को शिल्पा शेट्टी की एप जएल स्ट्रीमर्स के लिए अप्रोच किया गया था जो कि प्रोफेशनल्स के लिए इंफ्लुएंसर एप है। उन्हें हॉटशॉट के लिए अप्रोच नही किया गया था। उन्हें तो पता भी नही था कि ये एप क्या है। शिल्पा और सेलिना बहुत अच्छे दोस्त है जिसकी वजह से शिल्पा ने एक्ट्रेस को इनवाइट किया था। उन्होंने कहा, सेलिना के काम के कमिटमेंट की वजह से वह इस एप को ज्वाइन नही कर पाई थी। सिर्फ सेलिना ही नही बाकि भी कई एक्ट्रेस को शिल्पा शेट्टी की एप के लिए अप्रोच किया गया था।



# भूमि पेडनेकर को हुई प्रकृति की चिंता

**बॉलीवुड** अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने बुधवार को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर साझा किया कि उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचने के नए तरीके खोजने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग एक उपकरण के रूप में युवाओं को संरक्षण के प्रति जागरूक करने की कोशिश की है। भूमि ने कहा, कोविड पर सभी ध्यान केंद्रित करने और दुनिया को फिर से शुरू करने के साथ, हमें यह महसूस करना होगा कि जैसा हम बोलते हैं जलवायु परिवर्तन हो रहा है। हां, पूरा ध्यान कोरोनावायरस महामारी पर गया है, जैसा कि होना चाहिए था, लेकिन मैं उम्मीद कर रही हू कि जलवायु परिवर्तन का ज्वलंत मुद्दा सरकारों के सामने पीछे नही रहे। भूमि दुनिया भर में लोगों को प्रभावित कर रहे चरम मौसम की स्थिति के बारे में गहराई से चिंतित हैं। 32 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा, महामारी ने हमें पुनर्गणना करने, खुद को और पर्यावरण के प्रति अपने दृष्टिकोण को रीसेट करने का समय दिया है। हमें हर समय हमारे आसपास क्या हो रहा है, इस पर ध्यान देना चाहिए। भले ही प्रकृति को कुछ समय मिला हो लेकिन आने वाला खतरा अभी टला नहीं है। हम अभी भी जंगल की आग, अचानक बाढ़, पोलर कैप्स हमारे चारों ओर पिघलते हुए दिख रहे हैं।



# महेंद्र सिंह धोनी की मुरीद हुई फिल्म निर्देशक फराह खान

**भारतीय** क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने पहली बार बॉलीवुड की दिग्गज निर्देशक फराह खान के साथ काम किया। पिछले साल अगस्त में अंतराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले माही के नाम से मशहूर धोनी ने फराह खान के निर्देशन में एक विज्ञापन में काम किया है। फराह खान ने माही के साथ काम करने के अपने अनुभव को बेहद शानदार बताया है। साथ ही उन्होंने खुद को धोनी का फैन भी बताया है। फराह खान ने धोनी के साथ काम करने का अनुभव इंस्टाग्राम पर अपनी पोस्ट के जरिए शेयर किया। उन्होंने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'एमएस धोनी के विज्ञापन के लिए आज निर्देशन किया। वो समय के पाबंद और जमीन से जुड़े हुए इंसान हैं। क्लाइंटस से लेकर स्पॉटब्वॉय सभी के साथ उन्होंने मुस्कुराते हुए फोटो खिंचाए, बहुत ही शानदार व्यक्ति, मैं फैन हूं'। बॉलीवुड के मशहूर एक्टर रणवीर सिंह ने भी फराह खान की इस पोस्ट पर रिएक्ट करते हुए लिखा, 'धोनी सबसे बेस्ट हैं।' पिछले कुछ दिनों से मुंबई में मौजूद महेंद्र सिंह धोनी ने इस विज्ञापन के शूट के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की रेट्रो जर्सी पहनी थी।




A.B.V.M. AGRAWAL JATIYA KOSH'S
Estd. : 2011
G.D. JALAN COLLEGE OF SCIENCE & COMMERCE
A sister concern of S. J. PODDAR ACADEMY (ICSE)
Admissions Open for Academic Year 2021-2022
F.Y.J.C. / S.Y.J.C. (Science & Commerce)
B.M.S. / B.A.F. / B.Sc. (I.T.)
B.Com. / B.Sc. (CBZ)
COLLEGE CODE : 527
Upper Govind Nagar, Malad (East), Mumbai – 400097.
Phone No.: 022- 40476030 www.gdjalan.edu.in




दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# सलमान खान की 'बजरंगी भाईजान' का बनेगा सीक्वल



सलमान खान की फिल्म 'बजरंगी भाईजान' को 6 साल पूरे हो चुके हैं। साल 2015 में रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों की तरफ से ढेर सारा प्यार मिला था। फिल्म में भाईजान और मुन्नी की केमेस्ट्री लोगों को काफी पसंद आई थी। फिल्म में सलमान खान, करीना कपूर, हर्षाली मल्होत्रा और नवाजुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिका में नजर आए थे। वही अब इस फिल्म के सीक्वल को लेकर खबर सामने आई है। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान लेखक केवी विजेंयद्र प्रासद ने बजरंगी भाईजान के सीक्वल की ओर इशारा दिया है। उन्होंने कहा कि वह 'बजरंगी भाईजान 2' की प्लानिंग कर रहे हैं। फिलहाल फिल्म की कहानी पर काम चल रहा है। खबरों के अनुसार केवी विजेंयद्र प्रसाद ने कहा कि जब मैंने यह आइडिया सलमान के साथ शेयर किया तो वह काफी एक्साइटेड दिखें। फिलहाल मैं इस कहानी को आगे ले जाने के लिए शानदार शुरूआत करना चाहता हूं। कुछ दिन पहले जब मैं सलमान खान से कैजुएली मिला था। तब मैंने उन्हें 'बजरंगी भाईजान 2' सीक्वल के बारे में बताया था।



# किच्चा सुदीप की पैन इंडिया फिल्म 'विक्रांत रोणा' में हुई जैकलीन फर्नांडिस की एंट्री



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस के पास इन दिनों कई प्रोजेक्ट की लाइन लगी हुई है। वही अब जैकलीन की लिस्ट में एक और फिल्म शामिल हो गई है। वह साउथ स्टार किच्चा सुदीप के साथ फिल्म 'विक्रांत रोणा' में नजर आने वाली हैं। ये किच्चा सुदीप की पहली पैन इंडिया रिलीज फिल्म है। किच्चा सुदीप ने जैकलीन फर्नांडिस के साथ अपनी तस्वीरें शेयर कर इस बात का खुलासा किया है। जैकलीन इन तस्वीरों में किच्चा के साथ बेहद मस्ती भरे अंदाज में नजर आ रही हैं। विक्रांत रोणा एक एडवेंचर्स फिल्म है। जिसमें किच्चा सुदीप नए अवतार में दिखने वाले हैं। इस फिल्म को निर्माता 3डी वर्जन में बनाने वाले हैं। बीते दिनों ही फिल्म का लोगो निर्माताओं ने दुबई के बुर्ज खलीफा पर जारी किया था। फिल्म के निर्देशक अनूप भंडारी हैं। खबरों के अनुसार इस फिल्म को लेकर जैकलीन ने कहा, विक्रांत रोणा एक महत्वाकांक्षी फिल्म है जो एक ऐसी कहानी को बताने का इरादा रखती है जो दुनिया भर से अलग दिखे। मुझे बेहद खुशी है कि इस एक्शन एडवेंचर फिल्म के लिए मुझे साइन किया गया है। जैकलीन फर्नांडिस के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में रैपर बादशाह के गाने पानी पानी में नजर आई थी। वह जल्द ही फिल्म भूत पुलिस में काम करती नजर आएंगी। इसके अलावा वह रामसेतु, बच्चन पांडे, सर्कस और किक 2 में भी नजर आने वाली हैं।

# होठों की वजह से ट्रोल हुईं आयशा टाकिया

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस **आयशा टाकिया ने साल** 2004 **में फिल्म** 'टारजन द वंडर कार' से डेब्यू किया था। आयशा भले ही लंबे वक्त से पर्दे से दूर हो लेकिन वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। **वह फैंस के साथ** अक्सर तस्वीरें और वीडियो शेयर करती रहती **हैं। आयशा टाकिया इन** दिनों अपनी फेशियल सर्जरी की वजह से सुर्खियों में हैं। उन्हें कई बार अपनी फेशियल सर्जरी की वजह से आलोचना झेलनी पड़ी **है। अब एक** बार फिर आयशा को **इस वजह से ट्रोलिंग का सामना करना पड रहा है। हाल ही में आयशा टाकिया ने एक वीडियो शेयर किया** है **जिसमें** वह **शीशे के सामने** अपनी **सेल्फी** लेती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में आयशा के होंठ काफी मोटे नजर आ रहे हैं और उनके चेहरा काफी अजीब लग रहा है। जब उन्होंने इंडस्ट्री में कदम रखा था तब उनका चेहरा ऐसा नहीं था। कई यूजर्स आयशा का यह वीडियो देखकर कह रहे हैं कि उन्होंने अपना चेहरा बिगाड़ लिया है। एक यूजर ने लिखा, क्या हो गया है तुम्हें मैडम, क्या थे और क्या हो गए। एक अन्य ने लिखा, इसने तो अपना चेहरा ही बिगाड़ लिया है। वही एक यूजर ने लिखा, अरे यार क्या किया लिप्स का। **बता** दें कि ये पहला मौका नहीं है जब आयशा टाकिया को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले भी अपने लुक को लेकर आयशा को जमकर ट्रोल किया जा चुका है।



ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. : 2011
A.B.V.M. AGRAWAL JATIYA KOSH'S
G.D. JALAN COLLEGE OF SCIENCE & COMMERCE
A sister concern of S. J. PODDAR ACADEMY (ICSE)
Admissions Open for Academic Year 2021-2022
F.Y.J.C. / S.Y.J.C. (Science & Commerce)
B.M.S. / B.A.F. / B.Sc. (I.T.)
B.Com. / B.Sc. (CBZ)
COLLEGE CODE : 527
Upper Govind Nagar, Malad (East), Mumbai – 400097.
Phone No.: 022- 40476030
www.gdjalan.edu.in



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# प्रियंका को पति निक से मिला खास तोहफा



**बॉलीवुड** की देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा ने 18 जुलाई को अपना 39वां बर्थडे सेलीब्रेट किया। इस मौके पर प्रियंका चोपड़ा को सोशल मीडिया पर तमाम फैंस और सेलेब्स से ढेरो बधाई संदेश मिले। निक जोनस ने भी प्रियंका को रोमांटिक अंदाज में बर्थडे विश किया। निक जोनस ने अपनी पत्नी प्रियंका चोपड़ा को बर्थडे पर एक खास गिफ्ट भी दिया। निक ने रेड वाइन की बोतल प्रियंका को गिफ्ट दी। प्रियंका ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में इस स्पेशल रेड वाइन की तस्वीर शेयर की है। तस्वीर में पार्टी टेबल पर एक वाइन बोटल और रेड वाइन से भरा गिलास नजर आ रहा है। प्रियंका ने हार्ट इमोजी के साथ निक जोनस को भी टैग किया है। शराब की ये बोतल एक चेटो माउटन रोथ्सचाइल्ड 1982 है। इस वाइन की कीमत हैरान करने वाली है। खबरों के अनुसार इस वाइन बोतल की कीमत लगभग 131,375 रुपए है। खास बात यह है कि यह वाइन आमतौर पर नीलामी में मिलती है। वही प्रियंका को बर्थडे विश करते हुए निक जोनस ने एक्ट्रेस की खास तस्वीर शेयर की थी। उन्होंने प्रियंका के बचपन की तस्वीर शेयर की थी। इस तस्वीर के साथ उन्होंने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो माई लव। आप दुनिया की सारी खुशियां डिजर्व करती हो। आज और हर दिन। आई लव यू।



# एक्स बॉयफ्रेंड सलमान खान को लेकर सोमी अली बोलीं- उनके टच में न रहना सेहत के लिए अच्छा



**बॉलीवुड** सुपरस्टार सलमान खान ने भले ही अब तक शादी नहीं की हो, लेकिन कई हसीनाओं के साथ वह रिलेशनशिप में रह चुके हैं। पाकिस्तानी मूल की एक्ट्रेस सोमी अली को भी सलमान खान ने करीब 8 साल डेट किया था। सोमी अली 16 साल कि कम उम्र में बॉलीवुड में अपना करियर बनाने और साथ ही अपने क्रश सलमान खान से शादी करने कि ख्वाहिश लेकर मुंबई आई थीं। सलमान खान बॉयफ्रेंड के रूप में सोमी अली को मिले भी, लेकिन साल 1999 में उन दोनों का रिश्ता खत्म हो गया। सोमी कई इंटरव्यू में सलमान खान को लेकर बात कर चुकी हैं। अब एक बार सोमी अली ने सलमान संग अपने रिश्ते को लेकर बात की है। सोमी ने **कहा**, मैं पिछले पांच साल से सलमान के साथ संपर्क में नहीं हूं। मेरा ऐसा मानना है कि अपनी जिंदगी में आगे बढ़ना अच्छा होता है। मैं अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हूं और मुझे लगता है कि सलमान भी अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गए हैं। उन्होंने **कहा**, मुझे नहीं पता 1999 में मेरे जाने के बाद उनकी जिंदगी में कितनी गर्लफ्रेंड बनी बस मैं उन्हें शुभकामनाएं देती हूं। मुझे पता है कि उनका एनजीओ बीइंग ह्यूमन काफी अच्छा काम कर रहा है। मानसिक तौर पर भी सलमान से संपर्क नहीं रखना मेरे लिए अच्छा है। इससे पहले सोमी अली ने बताया था कि सलमान उनके साथ ईमानदार नहीं थे। उन्होंने कहा, हम आगे बढ़ गए हैं। मुझे उससे अलग हुए 20 साल हो गए हैं। उन्होंने मुझे धोखा दिया और मेरा दिल टूट गया। ये काफी सिंपल है।



# विद्युत जामवाल ने अपने प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म का किया ऐलान



**बॉलीवुड** के कई सितारें अब प्रोडक्शन की दुनिया में भी कदम रख रहे हैं। बीते दिनों बॉलीवुड एक्टर विद्युत जामवाल ने भी अपने प्रोडक्शन हाउस की घोषणा की थी। उन्होंने अब्बास सैयद के साथ मिलकर अपना प्रोडक्शन हाउस लॉन्च किया है, जिसका नाम 'एक्शन हीरो फिल्म्स' रखा गया है। अब विद्युत जामवाल ने अपने प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म का नाम होगा 'आईबी 71'। विद्युत इस फिल्म के प्रोड्यूसर भी होंगे। फिल्म को संकल्प रेड्डी निर्देशित करेंगे। विद्युत जामवाल ने सोशल मीडिया पर संकल्प रेड्डी संग एक तस्वीर शेयर कर इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, नई शुरूआत, मुझे ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि एक्टर हीरो फिल्म में बतौर प्रोड्यूसर मेरी पहली फीचर फिल्म का टाइटल 'आईबी 71' बनने जा रही है। अपकमिंग फिल्म का पहला कोलाबोरेशन रिलायंस एंटरटेनमेंट के साथ हुआ है। फिल्म को संकल्प रेड्डी निर्देशित करेंगे। उन्होंने लिखा, मैं बहुत ही कृतज्ञता और सम्मान के साथ इस आशीर्वाद और सपोर्ट के लिए आपको प्यार दे रहा हूं। 'आईबी 71' एक अच्छी फिल्म बनाने की ओर एक कदम है। ये प्रोजेक्ट एक टीम वर्क और विश्वास का परिणाम है। मुझे इसके लिए आपका हमेशा सहयोग चाहिए।

A.B.V.M. AGRAWAL JATIYA KOSH'S
Estd. : 2011
G.D. JALAN COLLEGE OF SCIENCE & COMMERCE
A sister concern of S. J. PODDAR ACADEMY (ICSE)
Admissions Open for Academic Year 2021-2022
F.Y.J.C. / S.Y.J.C. (Science & Commerce)
B.M.S. / B.A.F. / B.Sc. (I.T.)
B.Com. / B.Sc. (CBZ)
COLLEGE CODE : 527
Upper Govind Nagar, Malad (East), Mumbai – 400097.
Phone No.: 022- 40476030
www.gdjalan.edu.in



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## 'ब्रहास्त्र' की रिलीज से पहले शादी कर लेंगे रणबीर-आलिया?





**बॉलिवुड** के क्यूट कपल रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की शादी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। दोनों की शादी की तभी से चर्चा हो रही है जब वे एकसाथ 2018 में सोनम कपूर और आनंद आहूजा की शादी में दिखे थे। उनकी डिनर डेट हमेशा लोगों का ध्यान खींचती है। आलिया स्वीकार कर चुकी है कि वह रणबीर से प्यार करती हैं और करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण' में कह चुकी है कि वह हमेशा से रणबीर से शादी करना चाहती थीं। बाद में दोनों अपनी पहली फिल्म 'ब्रहास्त्र' की शूटिंग के दौरान एक-दूसरे के प्यार में भी पड़ गए। अब ऐसा लग रहा है कि कपल की शादी का इंतजार अब खत्म हो चुका है। हाल ही में सिलेब्रिटी पपराजी विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया जिससे पता चल रहा है कि रणबीर और आलिया जल्द शादी के बंधन में बंध सकते हैं।


## शाहरुख खान के साथ बॉलीवुड में कदम रखेंगी नयनतारा





**दक्षिण** भारत की अभिनेत्री नयनतारा अभिनेता शाहरुख खान के साथ हिंदी सिनेमा जगत में कदम रख रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन एटली करेंगे। अभिनेत्री (36) इससे पहले तमिल, तेलुगु और मलयालम फिल्मों में नजर आई हैं। वह 'चंद्रमुखी', 'गजनी', 'श्री राम राज्यम', 'पुथिया नियमम' के लिए जानी जाती हैं। इस जानकारी से जुड़े सूत्र ने बताया, 'वह शाहरुख खान के साथ फिल्म में काम कर रही हैं, जिसका निर्देशन एटली करेंगे। शाहरुख खान इसमें दोहरी भूमिका में होंगे। अभी फिल्म में नयनतारा की भूमिका के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी।' बुधवार को ऑनलाइन प्रसारणकर्ता डिज्नी+हॉटस्टार ने बताया कि नयनतारा की तमिल फिल्म 'नेट्रीकन' इस मंच पर रिलीज होगी।

## रणवीर सिंह बनेंगे 'बैजू बावरा'?



**पिछले** काफी दिनों से संजय लीला भंसाली का ड्रीम प्रोजेक्ट 'बैजू बावरा' चर्चा में है। संजय लीला भंसाली ने इस फिल्म की घोषणा साल 2019 में की थी। इसके बाद हाल में खबर आई थी कि इस फिल्म को करने से रणबीर कपूर ने इनकार कर दिया है। फिर खबर आई कि रणबीर के बाद फिल्म के लिए कार्तिक आर्यन पर विचार किया जा रहा है। अब एक नई खबर सामने आई है कि इस फिल्म के लिए एक रिपोर्ट की मानें तो रणवीर सिंह का नाम इस फिल्म के लिए लगभग फाइनल माना जा रहा है। एक सूत्र ने बताया कि इस म्यूजिकल लव स्टोरी के अभी कुछ फाइनल तो नहीं हुआ है मगर रणवीर सिंह के नाम पर विचार किया जा रहा है। सूत्र ने यह भी बताया कि चूंकि रणवीर सिंह पहले ही भंसाली के साथ 3 सुपरहिट फिल्में कर चुके हैं तो 'बैजू बावर' के लिए उनके नाम पर विचार करने में कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए। केवल यही नहीं, सूत्र ने आगे बताया कि 'बैजू बावरा' के लिए न तो कभी रणबीर कपूर के नाम पर विचार किया गया था और न तो उन्हें यह फिल्म ऑफर की गई थी और न ही उन्हें इस ऑफर को **ठुकराया है।**

A.B.V.M. AGRAWAL JATIYA KOSH'S
Estd. : 2011
G.D. JALAN COLLEGE OF SCIENCE & COMMERCE
A sister concern of S. J. PODDAR ACADEMY (ICSE)
Admissions Open for Academic Year 2021-2022
F.Y.J.C. / S.Y.J.C. (Science & Commerce)
B.M.S. / B.A.F. / B.Sc. (I.T.)
B.Com. / B.Sc. (CBZ)
COLLEGE CODE : 527
Upper Govind Nagar, Malad (East), Mumbai – 400097.
Phone No.: 022- 40476030
www.gdjalan.edu.in



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# 'ब्लर' में डबल रोल में नजर आएंगी तापसी पन्नू



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने हाल ही में अपने प्रोडक्शन हाउस 'आउटसाइडर्स फिल्म्स' लॉन्च किया है। अपने प्रोडक्शन हाउस के तहत तापसी पहली फिल्म 'ब्लर' बनाने जा रही है। बीते दिनों इस फिल्म से तापसी पन्नू का फर्स्ट लुक सामने आया था। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों उत्तराखंड में चल रही है। अब खबर आई है कि इस फिल्म में तापसी पन्नू डबल रोल निभाने जा रही है। फिल्म की कहानी जुड़वां बहनों पर बेस्ड एक सस्पेंस थ्रिलर फिल्म होगी। बताया जा रहा है कि ब्लर एक स्पेनिश फिल्म 'जुलियाज आई' का हिन्दी रीमेक है। फिल्म एक ऐसी महिला की कहानी है जो अपनी जुड़वा बहन की रहस्मयी मौत की गुत्थी सुलझा रही होती है और धीरे धीरे एक जेनेटिक प्रॉब्लम के चलते उसकी आंखों की रोशनी जाने लगती है। इस फिल्म का निर्देशन अजय बहल कर रहे हैं। फिल्म में 'मर्द को दर्द नही होता' के एक्टर गुलशन देवैया भी नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि वह तापसी के पति के किरदार मे नजर आएंगे। 'ब्लरर' की शूटिंग आंशिक रूप से नैनीताल की हेरिटेज इमारतों में माल रोड और रूसी बाइपास में की जाएगी। इसके अलावा भीमताल, भवाली सतल और मुक्तेश्वर जैसी जगहों पर कुछ सीन्स को कवर किया जाएगा।

# अपने आप को बॉलीवुड की दुल्हन मानने लगी हैं कृति खरबंदा



**यूं तो** शादी में होने वाली गड़बड़ियों पर कई फिल्में बनी है। कभी लड़के की तरफ से गड़बड़ होती है तो कभी लड़की की तरफ से। लेकिन एक ही लड़की से दोबारा शादी करने वाला मौका ऐसा फिल्मों में जरा कम ही दिखता है और शायद इसीलिए इस फिल्म का नाम 14 फेरे रखा गया है। फिल्म '14 फेरे' की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान वेबदुनिया से बात करते हुए कृति खरबंदा कहती हैं, मै तो अपने आप को बॉलीवुड की दुल्हन मानने लग गई हूं। मैंने एक या दो बार नही 8 बार दुल्हन का रोल निभाया हुआ है। दुल्हन के कपड़े, दुल्हन की ज्वेलरी पहनी है। मुझे लगता है कि मै जब भी फिल्म के लिए शादी का रोल निभाती हूं या जिस फिल्म मे मेरी शादी होती है, वह बड़ी लकी हो जाती है। उन्होंने कहा, मेरे लिए फिल्म 14 फेरे सिर्फ शादी के बारे मे नही है या सिर्फ शादी हो जाने के लिए नही बनाई है। यह एक लव स्टोरी है। प्रेम कहानी है संजू और अदिति की। यह एक सफर है, संजू और अदिति की प्रेम कहानी को शुरूआत से लेकर शादी तक के अंजाम तक पहुंचाने का। यह आज के समय में बहुत जरूरी है। यह बहुत ही प्रासंगिक लव स्टोरी कह सकते हैं। इनके किरदार कि अगर मैं बात करूं तो आप चाहोगे कि ऐसे किरदार आपके आसपास रहते हो। आप चाहोगे कि आपके रिश्ते में ऐसी मासूमियत हो दिन भर आप लड़े- कुछ भी बात हो जाए। लेकिन अगले दिन वो कहते हैं ना रात गई बात गई वाली बात हो जाए। जितनी भी परेशानी है, जितनी भी लड़ाई हो जाए, लेकिन हम साथ में हमेशा रहेंगे वैसे तरीके की लड़की बनी हूं।

# 'बाहुबली' स्टार प्रभास ने 'टॉप टेन मोस्ट हैंडसम एशियन मेन' की लिस्ट में किया टॉप



**'बाहुबली'** की रिलीज के बाद से ही साउथ सुपरस्टार **प्रभास** की फैन फॉलोइंग में जबरदस्त इजाफा हुआ है। इस फिल्म के बाद प्रभास पैन इंडिया **स्टार** बनकर उभरे हैं। वही अपने फैंस की बदौलत प्रभास ने **एक** बड़ी उपलब्धि हासिल कर **ली** है। प्रभास ने सबसे हैंडसम एशियाई पुरुषों की लिस्ट में टॉप पर अपनी जगह बना ली है। 'टॉप टेन मोस्ट हैंडसम एशियन मेन' की हाल ही में जारी की गई सूची में, प्रभास ने पृथ्वी पर सबसे बड़े महाद्वीप में सबसे हैंडसम व्यक्ति के रूप में पहले स्थान के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया है, जो दुनिया के कुछ सबसे अधिक आबादी वाले देश के साथ दुनिया भर में फैले उनके फैंडम और प्रतिभा को साबित करता है। प्रभास ने अपनी मेगाहिट फिल्म बाहुबली: द बिगिनिंग (2015) और इसके कन्वलूजन बाहुबली: **द** कन्वलूजन (2017) से दुनिया भर में प्रशंसकों को आकर्षित कर लिया है। पैन-इंडिया फिल्मों का चलन शुरू करने वाले सुपरस्टार के पास अनुकरणीय भारतीय सुंदरता है, जो एक बहुत ही डाउन टू अर्थ व्यक्तित्व के साथ-साथ एक मैचो चार्म है जो उन्हें खासकर फीमेल प्रशंसकों के बीच बेहद डिसाइरेबल बनाता है।

A.B.V.M. AGRAWAL JATIYA KOSH'S
ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S · GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. : 2011
G.D. JALAN COLLEGE OF SCIENCE & COMMERCE
A sister concern of S. J. PODDAR ACADEMY (ICSE)
Admissions Open for Academic Year 2021-2022
F.Y.J.C. / S.Y.J.C. (Science & Commerce)
B.M.S. / B.A.F. / B.Sc. (I.T.)
B.Com. / B.Sc. (CBZ)
COLLEGE CODE : 527
Upper Govind Nagar, Malad (East), Mumbai – 400097.
Phone No.: 022- 40476030
www.gdjalan.edu.in



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# 'जिम्मेदारी का अहसास है'

**अभिनेत्री कृति** सेनन ने कहा कि उन्हें 'आदिपुरुष' में देवी सीता का किरदार निभाने के साथ आने वाली जिम्मेदारियों का एहसास है और इस बात से टीम भी भलीभांति परिचित है। ओम राउत के निर्देशन में बन रही यह फिल्म हिंदू महाकाव्य 'रामायण' पर आधारित है और इसमें प्रभास भगवान राम और सैफ अली खान लंकेश की भूमिका में नजर आएंगे। लंबे समय से इस प्रकार के संवेदनशील मुद्दों को लेकर कई कलाकारों को सोशल मीडिया पर ऑनलाइन आलोचना का शिकार होना पड़ा है क्योंकि दर्शक उन पर उनकी धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगा रहे थे। इसी के चलते अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म 'लक्ष्मी बम' का नाम बदलकर 'लक्ष्मी' किया गया और वेब सीरिज 'तांडव' का एक दृश्य भी विवाद के घेरे में था। 'आदिपुरुष' के कलाकार सैफ अली खान ने भी इस फिल्म पर की गई एक टिप्पणी पर एक साक्षात्कार में माफी मांगी। सेनन ने कहा कि टीम को 'आदिपुरुष' की कहानी को संवेदनशीलता के साथ दिखाने का महत्व पता है। सेनन ने बताया, निश्चित तौर पर हमें एक दायरे के भीतर रहना होगा और हम जो किरदार अदा कर रहे हैं, उसकी जिम्मेदारी को महसूस करना होगा। सौभाग्य से मैं एक शानदार निर्देशक के हाथों में हूं, जिन्होंने इस विषय और सभी किरदारों पर खूब जानकारियां जुटाई हैं।



# डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पदार्पण करेंगी शिल्पा

**बॉलीवुड** अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने कहा है कि वह जल्द ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एक सीरीज के जरिए पदार्पण करेंगी, जिसे लेकर वह बेहद उत्साहित हैं और यह जानने की इच्छुक हैं कि दर्शक उन्हें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कितना पसंद करेंगे। अभिनेत्री ने कहा कि सीरीज को लेकर अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, हालांकि वह 2022 में इसकी शूटिंग शुरू करना चाहती हैं। शिल्पा ने विशेष बातचीत में कहा, मैंने किसी परियोजना को लेकर अपनी स्वीकृति दी है, जिसकी शूटिंग अगले वर्ष शुरू होगी। इसके लिए बहुत तैयारियां की जाने की जरुरत है, जिसके बारे में जल्द ही जानकारी दी जाएगी। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने कई कलाकारों के लिए अवसर के बहुत सारे दरवाजे खोल दिए हैं, जिसमें मैं भी शामिल हूं।

# प्रोडक्शन में हाथ आजमाने उतरी तापसी पन्नू



**एक्ट्रेस तापसी** पन्नू बॉलीवुड पर अपनी छाप छोड़ चुकी है। वो एक सफल एक्ट्रेस की लिस्ट में शुमार होती है, वही आने वाले समय में तापसी एक कामयाब प्रोड्यूसर के रूप में भी उभरकर **नजर** आएँगी। **अब** आप सोच रहे होंगे कि हम ऐसा क्यों बोल रहे **है**? दरअसल, **अब** तापसी पन्नू ने अपनी टोपी में एक और **पंख** लगा लिया है। अपनी बेहतरीन एक्टिंग के **दम** पर तापसी पन्नू बुलंदियां छूती चली आ रही हैं। जिसके बाद अब तापसी ने अपना प्रोडक्शन हाउस 'ऑउटसाइडर्स फिल्म्स' लॉन्च किया है। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम के जरिए दी है। 'ऑउटसाइडर्स फिल्म्स' के लिए तापसी ने प्रांजल खंडडिया के साथ हाथ मिलाया है, जो पिछले 20 सालों से कंटेंट और फिल्म निर्माण से जुड़े हुए हैं। प्रोडक्शन हाउस के लॉन्च होने पर तापसी ने कहा, 'मैं इस नए सफर पर निकलने और अपने प्रोडक्शन हाउस 'आउटसाइडर्स फिल्म्स' के सहारे सिनेमा के प्रति अपने प्यार को दिखाने के लिए काफी एक्साइटेड हूं।

A.B.V.M. AGRAWAL JATIYA KOSH'S
Estd. : 2011
G.D. JALAN COLLEGE OF SCIENCE & COMMERCE
A sister concern of S. J. PODDAR ACADEMY (ICSE)
Admissions Open for Academic Year 2021-2022
F.Y.J.C. / S.Y.J.C. (Science & Commerce)
B.M.S. / B.A.F. / B.Sc. (I.T.)
B.Com. / B.Sc. (CBZ)
COLLEGE CODE : 527
Upper Govind Nagar, Malad (East), Mumbai – 400097.
Phone No.: 022- 40476030
www.gdjalan.edu.in

Date : 25th August, 2021

To
Mr. Rohit Singh
Ghanshyamdas Jalan College
Malad (East)
Mumbai -400 067.

**Subject : Appointment as an Intern for a period of FOUR months starting from 1st September, 2021 to 31st December, 2021.**

Dear Rohit,

This is with reference to the online interview that was held on 20th August, 2021 for the post of "Content Writer". We are Happy to inform you that **you are selected as an intern for the post of "Content Writer".**

Your internship will be for a period of FOUR months starting from 1st September, 2021 to 31st December, 2021.

We look forward to see your whole-hearted and Creative contribution to work.

**Best regards,**

**Yours Faithfully,**
**MR. DILSHAD S. KHAN**

MUMBAI HALCHAL Reg.No. 34146 MUMBAI

**(DIRECTOR & EDITOR)**
**DAINIK MUMBAI HALCHAL**
**(President - Patrakar Welfare Association)**
**(President "Minority" - Gandhi Vichar Manch)**
**National Vice President, Maharashtra President & Incharge (ABPSS)**

• दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

MDY
Media Pvt.Ltd.
C.I.NO.U22212 MH2010PTC199650
MUMBAI HALCHAL

Date : 25th August, 2021

To
Ms. Sakshi Shah
Ghanshyamdas Jalan College
Malad (East)
Mumbai -400 067.

**Subject : Appointment as an Intern for a period of FOUR months starting from 1st September, 2021 to 31st December, 2021.**

Dear Sakshi,

This is with reference to the Online interview that was held on 20th August, 2021 for the post of "Content Writer". We are Happy to inform you that you are selected as an intern for the post of "Content Writer".

Your internship will be for a period of FOUR months starting from 1st September, 2021 to 31st December, 2021.

We look forward to see your whole-hearted and Creative contribution to work.

**Best regards,**

**Yours Faithfully,**
**MR. DILSHAD S. KHAN**

MUMBAI HALCHAL Reg.No. 34146 MUMBAI

**(DIRECTOR & EDITOR)**
**DAINIK MUMBAI HALCHAL**
**(President - Patrakar Welfare Association)**
**(President "Minority" - Gandhi Vichar Manch)**
**National Vice President, Maharashtra President & Incharge (ABPSS)**

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

MDY
Media Pvt.Ltd.
C.I.NO.U22212 MH2010PTC199650
MUMBAI HALCHAL

Date : 26th September, 2020

To
Mr. Shane Abbas Reza Uttanwala
Ghanshyamdas Jalan College
Malad (East)
Mumbai -400 067.

**Subject : Appointment as an Intern for a period of THREE months starting from 1st October, 2020 to 31st December, 2020.**

Dear Abbas,

This is with reference to the online interview that was held on 21st September, 2020 for the post of "Content Writer". We are Happy to inform you that you are selected as an intern for the post of "Content Writer".

Your internship will be for a period of THREE months starting from 1st October, 2020 to 31st December, 2020.

We look forward to see your whole-hearted contribution to work with a spirit of learning during your internship.

**Best regards,**

**Yours Faithfully,**

**MR. DILSHAD S. KHAN**

MUMBAI HALCHAL Reg.No. 34146 MUMBAI

**(DIRECTOR & EDITOR)**
**DAINIK MUMBAI HALCHAL**
**(President - Patrakar Welfare Association)**
**(President "Minority" - Gandhi Vichar Manch)**
**National Vice President, Maharashtra President & Incharge (ABPSS)**

• दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर
MDY Media Pvt.Ltd.
C.I.NO.U22212 MH2010PTC199650
MUMBAI HALCHAL

Date : 26th September, 2020

To
Mr. Shivansh Guru
Ghanshyamdas Jalan College
Malad (East)
Mumbai - 400 067.

**Subject : Appointment as an Intern for a period of THREE months starting from 1st October, 2020 to 31st December, 2020.**

Dear Shivansh,

This is with reference to the online interview that was held on 21st September, 2020 for the post of "Content Writer". We are Happy to inform you that you are selected as an intern for the post of "Content Writer".

Your internship will be for a period of THREE months starting from 1st October, 2020 to 31st December, 2020.

We look forward to see your whole-hearted contribution to work with a spirit of learning during your internship.

**Best regards,**

**Yours Faithfully,**
**MR. DILSHAD S. KHAN**

MUMBAI HALCHAL Reg.No. 34146 MUMBAI

**(DIRECTOR & EDITOR)**
**DAINIK MUMBAI HALCHAL**
**(President - Patrakar Welfare Association)**
**(President "Minority" - Gandhi Vichar Manch)**
**National Vice President, Maharashtra President & Incharge (ABPSS)**